मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8

**MTT-052**

# अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

# (पी. जी. डी. टी.) (संशोधित)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2023

## एम.टी.टी.-052 : अनुवाद : प्रक्रिया और प्रविधि

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

**नोट :** (i) *भाग-I में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 700 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।*

(ii) *भाग-II में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

### भाग—I

**नोट :** निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 700 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।

1. अनुवाद प्रक्रिया से क्या अभिप्राय है ? अनुवाद प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की सोदाहरण चर्चा कीजिए। 20

**P. T. O.**

Scanned with CamScanner

2. निम्नलिखित पर लगभग 350 शब्दों (प्रत्येक) में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 10+10

(क) अनुवाद के प्रकार

(ख) अनुवाद प्रक्रिया में लिप्यंतरण की आवश्यकता

3. 'अनुवाद' के एक प्रकार के रूप में 'रूपान्तरण' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। भाषा के सन्दर्भ में रूपान्तरण के प्रकारों का विवेचन कीजिए। 20

4. पारिभाषिक शब्दावली के अभिलक्षणों का सोदाहरण वर्णन कीजिए। 20

5. निम्नलिखित पर लगभग 350 शब्दों (प्रत्येक) में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 10+10

(क) मशीनी अनुवाद की सीमाएँ

(ख) अनुवाद पुनरीक्षण और अनुवाद मूल्यांकन में अन्तर

## भाग—II

6. निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेजी वर्णानुक्रम के अनुसार व्यवस्थित करके लिखिए : 5

(a) Gustatory 8

(b) Grotesque 1

(c) Fungicide 5



(d) Gyrocompass 9

(e) Fumigant 4

(f) Excruciate 2

(g) Gurgitation 7

(h) Excorticate 1

(i) Gyrumous 10

(j) Frugivorous 3

7. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं पाँच का रोमन/देवनागरी में लिप्यंतरण कीजिए : 5

(a) क्षमा

(b) लक्मबर्ग

(c) युक्तियाँ

(d) धृष्टता

(e) Indigenous

(f) Schedule

(g) United States of America

(h) Personification



Scanned with CamScanner

8. निम्नलिखित अनुच्छेद का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 10

The latest round of National Family Health Survey shows that the most common reasons for non-availing of services at government health centres are poor quality of services, no nearby health facility, and long waiting lines. To address these issues, first the public healthcare system in India needs to build a reputation for credibility. Sub-centres (SC) are being transformed to Health and Wellness Centres (HWCs) under the *Ayushmaan Bharat Programme*. This transformation will entail a reorientation of SC from beyond the historic focus on reproductive and child health to include non-communicable diseases, emergency medical care etc. Secondly the limitations of the public healthcare sector needs to be addressed and an assessment of the complementarities of the private sector should be done. Thirdly, technology has been tested to improve access and its quality.



9. निम्नलिखित अनुच्छेद का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : 10

किसी भी राष्ट्र का विकास, उसके राज्यों के आर्थिक विकास से जुड़ा होता है। प्रत्येक राज्य अपने संसाधनों, नीतियों एवं रणनीतियों के माध्यम से राष्ट्रीय विकास में योगदान देता है। देश एवं राज्यों के विकास के बीच यह सम्बन्ध राज्यों के स्तर पर आर्थिक गतिविधियों के महत्व को समझने के लिए पर्याप्त हैं। राष्ट्रीय विकास में कौन-सा राज्य कितना योगदान दे रहा है, यह इस पर निर्भर करता है कि वहाँ की नीतियाँ कैसी हैं। 'अर्थशास्त्र' में कहा गया है कि श्रेष्ठ शासक अपनी जनता का कल्याण और उचित प्रशासन सुनिश्चित करता है। सुनियोजित और पारदर्शी वित्तीय व्यवस्था, शासक की जिम्मेदारी है। प्रभावी बजट इसी जिम्मेदारी का एक हिस्सा है। अर्थशास्त्र के आदर्श शासकों की तरह ही



Scanned with CamScanner

बेहतर बजट प्रबन्धन करना, राज्यों की जिम्मेदारी है। इस सम्बन्ध में कुछ बातों का ध्यान रखा जाना जरूरी है। वैसे, कई राज्य बेहतर वित्तीय प्रबन्धन करने और आय-व्यय में सन्तुलन बनाए रखने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

10. नीचे दिए गए मूल अंग्रेजी पाठ और उसके हिन्दी अनुवाद को सावधानी से पढ़िए और अनूदित पाठ का पुनरीक्षण कीजिए : 10

मूल : In accordance with the most recent UGC Guidelines, the university has created a draft document for the implementation of 4-year undergraduate and 1-year graduate programmes. With the addition of Ability Enhancement Courses in Environment Science and Languages (Hindi or English), skill enhancement courses drawn from courses across the Schools of Studies other than the discipline-specific Core and Elective Courses,



the Bachelor's degree programmes (Bachelor in Arts, Science, and Commerce) have adopted a multidisciplinary approach. The student has the option to choose the courses they want to take due to the flexibility of the curriculum across disciplines. Learners enrolled in programmes offered in science, computer science, library science, sustainable development, counselling and family therapy, health sciences, information security, etc. are required to actively engage with the practical side of their learning and to improve their employability.

अनुवाद : सबसे हाल ही यू.जी.सी. के द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को देखते हुए, विश्वविद्यालय ने 4 वर्ष के अंडरग्रेजुएट और 1 वर्ष के ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों को शुरू करने से जुड़े एक ड्राफ्ट प्रलेख बना दिया है। वातावरण विज्ञान और भाषाओं (हिन्दी या अंग्रेजी) में क्षमता वृद्धि पाठ्यक्रमों को जोड़ते हुए विशेष विषय के कोर और



Scanned with CamScanner

ऐच्छिक पाठ्यक्रमों के साथ अध्ययन स्कूलों के पाठ्यक्रमों से लिए गए कुशल वृद्धि पाठ्यक्रमों के साथ, स्नातक डिग्री पाठ्यक्रमों में एक बहु-डिस्पिलिन अधिगम लिया है। छात्रों को वे पाठ्यक्रम चयनित विकल्प है जो वे विषयों में पाठ्यक्रम के सरलता के कारण लेना चाहते हैं। विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, पुस्तकालय विज्ञान, निरन्तर प्रगति, सलाह और परिवार थैरेपी, खाद्य और पोषण, स्वास्थ्य विज्ञान, नर्सिंग, सूचना सुरक्षा आदि जैसे अनेकानेक क्षेत्रों में शुरू किए गए पढ़ाई पाठ्यक्रमों में आए छात्रों को अपने अधिगम के प्रैक्टिल पक्ष और उनकी रोजगार दक्ष सुधार करने के लिए सक्रिय रूप से संलग्न होना होगा।



Scanned with CamScanner